Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to construct bridge on river Koshi in Madhubani district of Bihar.

श्री बीरेंद्र कुमार चौधरी (झंझारपुर) : आदरणीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे इस महत्वूपर्ण विऐाय पर बोलने के लिए समय दिया है, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूँ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ। बिहार राज्य के मधुबनी जिले का मधेपुर प्रखंड और घोंघरडिहा प्रखंड कोसी नदी से प्रभावित है। इन दोनों जगहों पर दर्जनों पुल एवं सड़कों की आवश्यकता है। फुलपरास प्रखंड के राम नगर सुरियाही से रेलवे बसवारी तक सुरक्षा बाँध और मधेपुर प्रखंड में बसी पट्टी से डारह महपतिया तक सुरक्षा बाँधों की बहुत बड़ी आवश्यकता है। इस कारण यहाँ 6 महीनों तक यातायात अवरुद्ध रहता है।

मैं सरकार से यह माँग करता हूँ कि यहाँ के कोसी पीड़ित लोगों के लिए यातायात और सुरक्षा बाँध की व्यवस्था करवाई जाए, ताकि लोगों को सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र

एवं कुँवर पुऐपेद्र सिंह चन्देल को श्री बीरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा उठाए गए विऐाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।